# नगर निगम, सहारनपुर



**शिपू गिरि**
(नगर आयुक्त)



**डा. अजय कुमार**
(महापौर)

# मूल बजट

## वित्तीय वर्ष 2026 – 27

मा0 कार्यकारिणी प्रस्ताव संख्या – 77 दिनांक – 06.02.2026

मा0 सदन प्रस्ताव संख्या – 61 दिनांक – 29.03.2026

# अनुक्रमणिका



| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 2-3 |
| 2 | विगत वर्षो के वास्तविक आय व व्यय | 4-6 |
| 3 | मूल बजट 2026-27 एक दृष्टि में | 7 |
| 4 | मूल बजट आय-व्यय (बजट) प्रपत्र | 8-14 |

# —:: दृष्टिपत्र ::—



सहारनपुर उत्तर भारत का वह गौरवशाली नगर है जहाँ इतिहास, संस्कृति, आध्यात्मिकता और उद्योग का अद्भुत समन्वय दृष्टिगोचर होता है। इसका इतिहास दो हजार वर्ष से अधिक पुराना है, यह क्षेत्र प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता से अपनी गहरी जड़ें जोड़ता है। गंगा–यमुना के पावन दोआब और शिवालिक पर्वत माला की सुरम्य तलहटी में अवस्थित सहारनपुर प्रकृति, श्रद्धा और समृद्धि का त्रिवेणी संगम है।
भौगोलिक दृष्टि से सहारनपुर का महत्त्व अनेक आयामों में झलकता है, यह 'गेटवे ऑफउत्तराखण्ड, हिमाचल और हरियाणा' के रूप में भौगोलिक संपर्क का सेतु है, तथा सांस्कृतिक दृष्टि से गंगा–यमुनी सभ्यता का जीवंत प्रतीक भी है। यहाँ लकड़ी की बारीक नक्काशी, उत्कृष्ट हस्त शिल्प, कपड़ा व्यवसाय, हॉजरी और कागज़ उद्योग इस नगर की सृजन शीलता और उद्यमिता को उजागर करते हैं।

सहारनपुर में शुद्ध जल, स्वच्छ वायु की उपलब्धिता और सह–अस्तित्व की संस्कृति ने लोगों के लिए यहां सदैव जीवन और मन की शांति का ठिकाना बनाया है। प्रस्तुत बजट सहारनपुर को एक आदर्श, सुविधा संपन्न महानगर के रूप में निरंतर रूपांतरित किये जाने का माध्यम है। नगर निगम ने इस दिशा में कई नवाचारों के साथ विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि करते हुए नागरिक जीवन को आधुनिकता की दिशा में अग्रसर किया है।

आगामी वर्षों में जब सहारनपुर **'मिलियन सिटी'** कतार में खडा होगा, तब उसे और भी विस्तृत विकास योजनाओं की आवश्यकता होगी। इनमें शामिल हैं, जलभराव से मुक्ति के लिए प्रभावी नाले–नालियों का नेटवर्क, प्रमुख बाजारों में सुव्यवस्थित पार्किंग स्थलों का निर्माण, निगम सीमांत के पार्कों की सौंदर्य–वृद्धि, और निगम की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु ऐतिहासिक अभिलेखों का डिजिटलीकरण।

स्वच्छता के क्षेत्र में भी आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए महानगर को आदर्श रूप देने का संकल्प है। नगर की मुख्य सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग, डिवाइडर वाशिंग और सिटीजन चार्टर का प्रभावी क्रियान्वयन इसी दिशा के ठोस कदम हैं। सुनिश्चित जलापूर्ति के साथ जल संरक्षण को ध्यान रखते हुए समस्त बडे एवं छोटे नलकूपों पर स्काडा सिस्टम आरोपित किये जाने का वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य है। मियावाकी पद्धति एवं वृक्षारोपण से शहर के हरित क्षेत्र को बढाने का कार्य किया जा रहा है। माँ शाकुम्भरी कान्हा गौशाला की स्थापना से निराश्रित पशुओं का कल्याण एवं भरण–पोषण के साथ–साथ आत्म निर्भर बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। नगर के समस्त अन्त्येष्टि स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विकास एवं नवसम्मिलित 32 गांवों के अवसंरचना विकास भी वर्तमान वर्ष की प्राथमिकता है।

प्रस्तुत बजट के माध्यम से सहारनपुर को सुव्यवस्था, सेवा और सौंदर्य की दृष्टि से उन महानगरों की श्रेणी में लाने का प्रयास है, जो इतिहास की गरिमा और भविष्य की आकांक्षा दोनों को एक साथ संजोए हुए हैं।

सहारनपुर केवल एक नगर नहीं, यह जीवन का एक सांस्कृतिक अनुभव है, जो परंपरा से प्रेरणा लेकर प्रगति की ओर दृढ़ता से बढ़ता जा रहा है।

Ajay Kumar

डॉ0 अजय कुमार सिंह
महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# प्रस्तावना



नगर पालिका सहारनपुर की स्थापना संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 26 सन् 1850 के अन्तर्गत 21.12.1867 के अन्तर्गत हुआ है, जिसे 1 अक्टूबर 2009 को नगर निगम के रूप में उच्चीकृत किया गया है। नगर निगम अधिनियम की धारा 114 तथा 115 में नगर निगम के अनिवार्य तथा विवेकाधीन कर्तव्यों के उद्देश्य पूर्ति हेतु नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 146 के अन्तर्गत नगर निगम सहारनपुर का वित्तीय वर्ष 2026-27 का मूल आय-व्ययक (बजट) अनुमान जोकि शून्य आधारित बजट (ZERO BASED BUDGET) है, माननीय सदन के सम्मुख प्रस्तुत है। नगर निगम को वित्तीय रूप से स्वायत्त होने के लिए स्वार्जित आय को वित्तीय वर्ष 2030-31 तक कुल बजट का 25 प्रतिशत किये जाने का लक्ष्य है, जिसके अनुपालन के लिए प्रतिवर्ष कुल बजट अंश में 2 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि किये जाने हेतु निगम सतत प्रयत्नशील है।

शहर की साफ सफाई व्यवस्था को सतत् रूप से व्यवस्थित किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु गीले कूडे के निस्तारण हेतु बी0पी0सी0एल0 से गीलेकूडे से सी0एन0जी0 गैस के उत्पादन हेतु अनुबन्ध हो चुका है तथा CBG Plant की स्थापना प्रक्रियाधीन है। नदियों को पुनर्जीवित किये जाने के दृष्टिगत् शहर से गुजरने वाली नदियों पांवधोई एवं ढमोला में गिरने वाली नालो ंको टैपकर 135 एम0एल0डी0 क्षमता के एस0टी0पी0 निर्माण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साधित किया जाना है। ढमोला नदी की सफाई हेतु शासन द्वारा धनांक 10 करोड (लगभग) वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवंटन किया गया हैं।

हसनपुर चुंगी होकर गुजरने वाले नाले में प्रवाहित गंदे जल को 100 KLD के STP के माध्यम से शोधित कर हसनपुर चुंगी स्थित अमृत तालाब के जल को मेंटेन किया जाना है, जोकि एक नवाचार है।

नगर निगम सहारनपुर शहरी निवासियों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति पर निरन्तर क्रियाशील है। निगम द्वारा नलकूपों के ऑटोमैटिक संचालन हेतु स्काडा सिस्टम लगाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। निगम के अन्तर्गत समायोजित किए गए 32 गांवों को अमृत 2.0 के अन्तर्गत शुद्ध पेयजल व्यवस्था का सुदृढीकरण किए जाने पर कार्य जलनिगम द्वारा किया जा रहा है।

शहर के संधारणीय विकास (SUSTAINABLE DEVELOPMENT) के लिए नगर निगम कटिबद्ध है। उ0प्र0 सरकार द्वारा नगर निगम के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में सी0एम0ग्रिड योजना लाया गया है, जिसके द्वारा शहर का अवसंरचनात्मक सुधार, जनता के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था को बढावा देना एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित विकास पर बल देना है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में विश्व स्तर की अवसंरचना विकसित किए जाने का उद्देश्य है। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए जेंडर बेस्ड बजट के तहत सेफसिटी परियोजनाको ध्यान में रखते हुए पिंक टॉयलेट एवं डार्क स्पॉट की पहचान कर पथ प्रकाश की व्यवस्था सतत् रूप से किया जा रहा है।

शहर के मार्गों को प्रकाश बिन्दुओं द्वारा निरंतर विस्तारित किया जा रहा है। मियावाकी पद्धति से वनावरण एवं वृक्षावरणकर क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करते हुए क्लीनसिटी-ग्रीनसिटी की संकल्पना के विकास को बल प्रदान किया जा रहा है। उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के क्रम में नगर निगम सहारनपुर द्वारा माँ शाकुम्भरी कान्हा गौशाला की स्थापना की गयी है, जोकि प्रदेश की निकायों में स्थित समस्त गौशालाओं एवं नन्दीशालाओं में आई0एस0ओ0 प्रमाणित श्रेष्ठतम स्थान पर है। गौशाला में निर्मित गोबर Paint का प्रयोग निगम सीमान्तर्गत समस्त शासकीय भवनों, स्वच्छता सर्वेक्षण, पेन्टिंग व अन्य स्थलों पर किया जा रहा है।

शहरी क्षेत्र की नागरिक सुविधा हेतु आधारभूत ढांचे को विस्तार देने में नगर निगम सहारनपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, वहीं धनाभाव की पूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना हेतु रू.960 करोड (50 प्रतिशत केन्द्रांश+50 प्रतिशत राज्यांश) का आवंटन मील का पत्थर साबित हुआ है।

इस प्रकार प्रस्तुत बजट में नागरिकों को स्वच्छवातावरण, उच्च गुणवत्ता युक्त संधारित अवसंरचना का विकास, शहर का सौन्दर्यीकरण, शुद्ध एवं निर्बाध जलापूर्ति एवं सेफसिटी के उद्देश्य को पूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

## निगम की वास्तविक व अनुमानित आय विवरण

(रू.करोड में)

| क्रम संख्या | | 2023-24 (वास्तविक आय) | 2024-25 (वास्तविक आय) | 2025-26 (पुनरीक्षित बजट आय अनुमान | 2026-27 (मूल बजट आय अनुमान) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर राजस्व | 29.70 | 31.89 | 55.21 | 56.39 |
| 2 | करेत्तर राजस्व | 22.11 | 28.2 | 44.02 | 46.33 |
| 3 | राज्य वित्त आयोग अनुदान | 174.28 | 171.19 | 190.00 | 180.00 |
| 4 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान | 76.77 | 54.82 | 64.00 | 65.00 |
| 5 | अन्य ग्रांट अनुदान | 28.40 | 17.43 | 196.02 | 209.18 |
| | कुल योग | **331.26** | **303.53** | **549.25** | **556.90** |

## निगम का वास्तविक व अनुमानित व्यय विवरण

(रू करोड में)

| क्रम संख्या | | | | 2023-24 (वास्तविक व्यय) | 2024-25 (वास्तविक व्यय) | 2025-26 (पुनरीक्षित बजट व्यय अनुमान | 2026-27 (मूल बजट व्यय अनुमान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व व्यय | 1 | अधिष्ठान व्यय | 109.58 | 117.23 | 150.85 | 125.45 |
| | | 2 | अन्य राजस्व व्यय | 43.66 | 72.43 | 284.45 | 97.01 |
| 2 | पूंजीगत व्यय | 3 | पूंजीगत व्यय | 43.07 | 39.31 | 49.40 | 91.50 |
| | | 4 | अन्य योजनागत व्यय | 16.63 | 22.61 | 55.37 | 370.76 |
| | | | कुल योग | **212.94** | **251.58** | **640.07** | **684.72** |

## INCOME IN CRORE

| FUND NAME | 2023-24 (ACTUAL INCOME) | 2023-24 ACTUAL (INCOME PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 51.81 | 15.64% |
| SFC | 174.28 | 52.62% |
| CFC | 76.77 | 23.17% |
| OG | 28.40 | 8.57% |
| **TOTAL** | **331.26** | **100%** |




| FUND NAME | 2024-25 ((ACTUAL BUDGET INCOME) | 2024-25 (ACTUAL (INCOME IN PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 60.09 | 19.79% |
| SFC | 171.19 | 56.40% |
| CFC | 54.82 | 18.07% |
| OG | 17.43 | 5.74% |
| **TOTAL** | **303.53** | **100%** |




## INCOME IN CRORE

| FUND NAME | 2025-26 ((REVISED BUDGET ESTIMATE INCOME) | 2025-26 ((REVISED BUDGET ESTIMATE PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 99.23 | 18.06% |
| SFC | 190.00 | 34.60% |
| CFC | 64.00 | 11.66% |
| OG | 196 | 35.68% |
| **TOTAL** | **549.25** | **100%** |




| FUND NAME | 2026-27 (MOOL BUDGET ESTIMATE INCOME) | 2026-27 (MOOL BUDGET ESTIMATE PERCENTAGE) |
|---|---|---|
| NIGAM NIDHI | 102.64 | 18.91% |
| SFC | 180.00 | 33.16% |
| CFC | 65.00 | 11.97% |
| OG | 209.26 | 35.96% |
| **TOTAL** | **556.9** | **100%** |



# नगर निगम, सहारनपुर

## मूल आय–व्यय अनुमान (2026–2027)

| क्रमांक | प्राप्तियाँ | वास्तविक आय 2024–25 | पुनरीक्षित आय अनुमान 2025–26 | मूल आय अनुमान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रारम्भिक अवशेष | | (01–04–2025 प्रारम्भिक अवशेष) 28668.31 | (प्रारम्भिक अवशेष) 19586.13 |
| 2 | वर्ष की आय | | | |
| क | राजस्व प्राप्तियाँ | | | |
| i | कर प्राप्तियाँ | 3189.66 | 5521.50 | 5639.20 |
| ii | करेत्तर प्राप्तियाँ | 2820.03 | 4401.60 | 4633.20 |
| | योग (i+ii) | **6009.69** | **9923.10** | **10272.40** |
| ख | शासकीय अनुदानों से प्राप्तियाँ | 24102.79 | 43952.58 | 43867.84 |
| ग | उच्चन्त प्राप्तियाँ | 241.30 | 1050.00 | 1550.00 |
| 3 | कुल आय (क+ख+ग) | **30353.78** | **54925.68** | **55690.24** |
| 4 | कुल योग (1+3) | | **83593.99** | **75276.37** |

व्यय पक्ष (धनराशि रूपयें लाख में)

| क्रमांक | व्यय | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित व्यय अनुमान 2025–26 | मूल व्यय अनुमान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिष्ठान व्यय | 11723.59 | 15100.00 | 12545.00 |
| 2 | पथ–प्रकाश व्यय | 461.43 | 1972.08 | 1807.34 |
| 3 | जल कल व्यय | 2091.07 | 4975.00 | 5920.00 |
| 4 | गैराज अनुभाग | 743.95 | 2736.00 | 705.00 |
| | स्वास्थ्य अनुभाग | | | 1425.00 |
| 5 | निर्माण कार्य व्यय | 6631.34 | 28840.54 | 28415.54 |
| 6 | पशुकल्याण अनुभाग | 240.97 | 825.00 | 825.00 |
| 7 | उद्यान अनुभाग | 48.40 | 583.19 | 618.19 |
| 8 | रिकार्ड अनुभाग | 351.72 | 559.00 | 549.00 |
| 9 | विविध कार्यो में व्यय | 2713.26 | 7367.05 | 14112.05 |
| 10 | उच्चंत | 152.41 | 1050.00 | 1550.00 |
| 11 | कुल व्यय | **25158.14** | **64007.86** | **68472.12** |
| 12 | अन्तिम अवशेष | | **19,586.13** | **6,804.25** |
| 12 | कुल योग | | **83,593.99** | **75,276.37** |

30/3/26
(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

30.03.2026
(राजीव कुशवाहा)
सहा0 लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

Manoj Tripathi 30 March 2026
(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

Ajay Kumar
(डा0 अजय कुमार)
मा0 महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# मूल बजट अनुमानित आय 2026–27

आय पक्ष

(धनराशि रुपये लाख में)

| अकाउंट कोड | आय के शीर्षक | वास्तविक आय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान 2025–26 | वास्तविक आय दिनांक 01.04.2025 से 30.11.2025 तक | मूल प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|
| | **कर प्राप्तियाँ** | | | | |
| 1100101 | गृहकर (सेवाप्रभार सर्विस चार्ज सहित) | 1551.37 | 3126.00 | 940.97 | 3126.00 |
| 1100102 | जलकर | 1437.77 | 2129.20 | 988.18 | 2129.20 |
| 1100103 | सीवर कर | 198.42 | 256.30 | 131.26 | 380.00 |
| 1100104 | प्रेक्षागृह कर (शो टैक्स) | 2.10 | 10.00 | 0.53 | 4.00 |
| | योगः– | 3189.66 | 5521.50 | 2060.94 | 5639.20 |
| | **करेत्तर प्राप्तियाँ** | | | | |
| 1200101 | 02 : निबंधन शुल्क से आय (अवस्थापना विकास निधि) | 713.85 | 1,500.00 | 0.00 | 1,500.00 |
| 1200102 | व्यवसायिक दुकानात किराया | 47.95 | 110.00 | 16.34 | 65.00 |
| 1200103 | आई0डी0एस0एम0टी0 किराया | | | | 30.00 |
| 1200104 | प्रीमियम दुकानात किराया | | | | 15.00 |
| 1200105 | जनमंच किराया | | 10.00 | 4.33 | 10.00 |
| 1200106 | भूमि किराया | 36.52 | 20.00 | 12.79 | 20.00 |
| 1200107 | वैडिंग जोन किराया | | 65.00 | 30.38 | 65.00 |
| 1200108 | दण्ड एवं जुर्माना (लाईसेंस विभाग) | 22.46 | 5.00 | 0.23 | 6.00 |
| 1200109 | दण्ड एवं जुर्माना (विज्ञापन विभाग) | | 5.00 | 0.44 | 6.00 |
| 1200110 | दण्ड एवं जुर्माना (अतिकमण विभाग) | | 5.00 | 0.37 | 6.00 |
| 1200111 | दण्ड एवं जुर्माना (स्वास्थ्य विभाग) | | 15.00 | 3.64 | 16.00 |
| 1200112 | दण्ड एवं जुर्माना (एन0जी0टी0) | | 2.00 | 0.00 | 3.00 |
| 1200113 | दण्ड एवं जुर्माना (पशु कल्याण विभाग) | | 5.00 | 1.30 | 6.00 |
| 1200114 | दण्ड एवं जुर्माना (ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता) | | 10.00 | 0.00 | 11.00 |
| 1200115 | मेला ठेका/प्रदर्शनी से आय | 352.62 | 360.00 | 354.77 | 365.00 |
| 1200116 | विज्ञापन से आय | 162.69 | 200.00 | 125.03 | 200.00 |
| 1200117 | पार्किंग ठेके/टैक्सी स्टैन्ड/अन्य ठेके से आय | 118.83 | 200.00 | 66.77 | 160.00 |
| 1200118 | होटल, लाज, धर्मशाला इत्यादि लाईसेंस शुल्क से आय | 65.32 | 20.00 | 6.89 | 15.00 |
| 1200119 | स्कूल/कॉलेज बस लाईसेंस शुल्क से आय | | 5.00 | 0.28 | 5.00 |
| 1200120 | नर्सिंग होम/अस्पाताल लाईसेंस शुल्कसे आय | | 19.00 | 0.06 | 15.00 |
| 1200121 | रिक्शा शुल्क/ऑटो रिक्शा लाइसेंस शुल्क से आय | | 4.00 | 0.45 | 4.00 |
| 1200122 | श्वान लाईसेंस शुल्क से आय | | 2.00 | 0.64 | 2.00 |
| 1200123 | बियर और शराब की दुकान लाईसेंस शुल्क से आय | | 20.00 | 8.16 | 15.00 |
| 1200124 | रेस्टोरेंट/ढाबा लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1200125 | बारात घर लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1200126 | मीट दुकान लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 5.00 |
| 1200127 | डिपार्टमेंटल स्टोर लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 5.00 |
| 1200128 | फाईनेन्स कंपनी लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200129 | बेकरी लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200130 | डेयरी लाईसेस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 1.00 |
| 1200131 | स्वीट्स शॉप/नमकीन की लाईसेंस शुल्क दुकान से आय | | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200132 | मॉल लाईसेसं शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1200133 | पशु चमडा गोदाम लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200134 | वाहन धुलाई सैन्टर लाईसेंस शुल्क से आय | | 0.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200135 | अन्य लाईसेसं शुल्क से आय | | 94.40 | 31.94 | 50.00 |
| 1200136 | पशु वधशालाओ से आय/शुल्क | 73.51 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1200137 | जलकल विविध– जलमुल्य–जल बिक्री से आय/जल संयोजन आदि | 0.46 | 5.00 | 0.47 | 5.00 |
| 1200138 | नामान्तरण शुल्क/नाम परिवर्तन से आय | 145.54 | 150.00 | 84.94 | 150.00 |
| 1200139 | प्रतिलिपि शुल्क/नकल फीस | 3.13 | 4.00 | 3.13 | 5.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1200140 | निगम उपकरण/मशीन किराया से आय | 0.30 | 10.00 | 0.04 | 10.00 |
| 1200141 | विकास प्राधिकरण–आवास विकास–मलवा/अंबार निस्तारण शुल्क | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1200142 | निष्प्रयोज्य अप्रचलित भण्डार से आय | 6.30 | 30.00 | 2.26 | 30.00 |
| 1200143 | निष्प्रयोज्य अप्रचलित सम्पत्ति से आय | | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 1200144 | सड़क उत्खनन(रोड कटिंग) क्षति पूर्ति शुल्क | 22.86 | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 1200145 | निविदा शुल्क से आय | 37.94 | 60.00 | 20.77 | 60.00 |
| 1200146 | ठेकेदारो का पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क | 2.78 | 5.00 | 2.73 | 5.00 |
| 1200147 | प्रयोक्ता शुल्क (यूजर चार्ज) | 68.00 | 100.00 | 25.51 | 60.00 |
| 1200148 | विनियोगो से आयः– (1) सावधि जमा ब्याज | 880.58 | 300.00 | 0.00 | 400.00 |
| 1200149 | (2) सामान्य ब्याज | | 900.00 | 418.17 | 1,100.00 |
| 1200150 | कर्मचारियो/अधिकारियो से प्राप्ति किराया–मकान की कटौती | 0.00 | 8.00 | 0.00 | 14.00 |
| 1200151 | अधिकारियों से प्राप्ति– वाहन उपयोग कटौती से प्राप्त आय | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 1200152 | गौशाला से आय | 58.39 | 15.00 | 7.32 | 15.00 |
| 1200153 | जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र शुल्क | | 1.00 | 0.44 | 1.00 |
| 1200154 | जनसूचना शुल्क | | 0.20 | 0.01 | 0.20 |
| 1200155 | विविध प्राप्तियों | | 50.00 | 4.51 | 50.00 |
| | योगः– | **2820.03** | **4401.60** | **1235.11** | **4633.20** |
| **शासकीय अनुदानो से प्राप्तियों** | | | | | |
| 1300101 | राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि | 17119.79 | 19000.00 | 11067.79 | 18000.00 |
| 1300102 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान | 5482.67 | 6400.00 | 2763.41 | 6500.00 |
| 1300103 | अमृत मिशन अनुदान से प्राप्त धनराशि | 109.50 | 370.00 | 0.00 | 370.00 |
| 1300104 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशुपालन योजना/निराश्रित पशुओं हेतु भरण पोषण योजना/ए0बी0सी0सैन्टर आदि विविध योजना से आय | 110.12 | 220.00 | 0.00 | 220.00 |
| 1300105 | स्मार्ट सिटी योजना से प्राप्त धनराशि | 27.92 | 100.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1300106 | सी0 एम0 ग्रिड योजना | 952.49 | 5840.00 | 1202.49 | 5840.00 |
| 1300107 | डा0 ए.पी.जे अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना मे उपलब्ध धनराशि (ब्याज सहित) | 0.00 | 442.08 | 0.00 | 457.34 |
| 1300108 | स्वच्छ भारत मिशन से प्राप्त धनराशि | 68.75 | 1200.00 | 0.00 | 1200.00 |
| 1300109 | नया सवेरा/पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत ऋण | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 1000.00 |
| 1300110 | नगरीय जल निकासी योजना | 0.00 | 1260.50 | 0.00 | 1260.50 |
| 1300111 | नगरीय सड़क सुधार योजना | 0.00 | 120.00 | 0.00 | 120.00 |
| 1300112 | नगरीय झील/पोखर/तालाब संरक्षण योजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1300113 | अन्त्येष्टि स्थल/विकास अनुदान | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300114 | सांसद/विधायक निधि से अनुदान | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300115 | पी0एम0 स्वनिधि योजना धनराशि | 5.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1300116 | मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना से प्राप्त धनराशि | 0.00 | 8500.00 | 0.00 | 8500.00 |
| 1300117 | अन्य शासकीय अनुदान | 226.55 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| | योग | **24102.79** | **43952.58** | **15033.69** | **43867.84** |
| **उच्चन्त प्राप्तियाँ** | | | | | |
| 1400101 | ठेकेदारो की जमानत से प्राप्ति | 225.57 | 1000.00 | 540.5 | 1500.00 |
| 1400102 | सामुहिक जीवन बीमा धनराशि की प्राप्ति | 15.73 | 50.00 | 10.30 | 50.00 |
| | **योगः–** | **241.30** | **1050.00** | **550.8** | **1550.00** |
| **प्राप्तियों का महायोगः–** | | **30353.78** | **54925.68** | **18880.54** | **55690.24** |

30/3/26
(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम, सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

30-03-2026
(राजीव कुशवाहा)
सहा0 लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर

(डा0 अजय कुमार)
मा0 महापौर
नगर निगम, सहारनपुर

# मूल बजट अनुमानित व्यय 2026–27

(धनराशि रू0 लाख मे)

| अकाउंट कोड | व्यय के शीर्षक | (निधि ) | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अधिष्ठान व्यय** | | | | | |
| 1500101 | केन्दीयत पालिका सेवा अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 803.4 | 1100.00 | 470.88 | 1200.00 |
| 1500102 | मुख्य नगर लेखा परीक्षक अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 22.77 | 40.00 | 17.50 | 60.00 |
| 1500103 | सामान्य कर्मचारी अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 1737.17 | 2100.00 | 110.50 | 2200.00 |
| 1500104 | स्वच्छतामित्र अधिष्ठान व्यय | राज्यवित्त | 2884.66 | 3600.00 | 1647.48 | 3800.00 |
| 1500105 | पेशन अनुदान एवं अन्य अधिवर्षता व्यय | राज्यवित्त | 2130.77 | 2900.00 | 1692.58 | 3000.00 |
| 1500106 | आउटसोर्सिग कर्मचारियो पर व्यय | राज्यवित्त | 3636.93 | 4600.00 | 2545.78 | 1500.00 |
| 1500107 | संविदा कर्मचारियो पर व्यय | राज्यवित्त | 450.36 | 530.00 | 340.99 | 550.00 |
| 1500108 | चिकिसा प्रतिपूर्ति व्यय/चिकित्सा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय | राज्यवित्त | 49.25 | 215.00 | 20.15 | 220.00 |
| 1500109 | यात्रा भत्ता पर व्यय | निगम निधि | 8.28 | 15.00 | 1.48 | 15.00 |
| | योग | | **11723.59** | **15100.00** | **6847.34** | **12545.00** |
| | **पथप्रकाश** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
| 1600101 | पथ प्रकाश सामान क्रय | राज्यवित्त | 50.92 | 200.00 | 40.35 | 300.00 |
| 1600102 | ई0ई0एस0एल0 पर व्यय | राज्य वित्त | 195.04 | 500.00 | 0.00 | 300.00 |
| 1600103 | पथ प्रकाश मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 66.02 | 80.00 | 0.15 | 150.00 |
| 1600104 | पथ प्रकाश विस्तार कार्य | राज्य वित्त | 71.78 | 200.00 | 41.49 | 200.00 |
| 1600105 | डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना (दायित्व पर व्यय) | डा0ए0पी0जे0 सौर पुंज योजना | 0.00 | 442.08 | 0.00 | 457.34 |
| 1600106 | केन्द्रीय वित्त आयोग से पथ प्रकाश पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 77.67 | 150.00 | 41.66 | 200.00 |
| 1600107 | पथ प्रकाश पर व्यय (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 300.00 | 11.43 | 100.00 |
| 1600108 | पथ प्रकाश पर व्यय (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 100.00 | 29.39 | 100.00 |
| | योग:– | | **461.43** | **1972.08** | **164.47** | **1807.34** |
| | **जल–कल** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
| 1700101 | जलकल सामान क्रय पर व्यय | राज्यवित्त | 4.87 | 150.00 | 0.00 | 150.00 |
| 1700102 | जलकल पाईप लाईन, हैण्डपम्प, नलकूप आदि मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 811.02 | 1100.00 | 274.55 | 1000.00 |
| 1700103 | हैण्ड पम्प स्थापना–पुनर्स्थापना पर व्यय | राज्यवित्त | 0.00 | 80.00 | 3.79 | 160.00 |
| 1700104 | हैण्ड पम्प स्थापना–पुनर्स्थापना पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | राज्यवित्त | 8.62 | 20.00 | 7.86 | 40.00 |
| 1700105 | नये नलकूप स्थापना पर व्यय | राज्यवित्त | 55.72 | 120.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1700106 | नये नलकूप स्थापना पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | राज्यवित्त | 14.30 | 30.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1700107 | नये क्षेत्रो में पाईप लाईन पर व्यय | राज्यवित्त | 119.47 | 360.00 | 0.88 | 400.00 |
| 1700108 | नये क्षेत्रो में पाईप लाईन पर व्यय(कमजोर वर्गो हेतु) | राज्यवित्त | 28.48 | 90.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1700109 | नलकूप विद्युत संयोजन पर व्यय | निगम निधि | 38.68 | 100.00 | 18.13 | 65.00 |
| 1700110 | जलकल विविध व्यय | निगम निधि | 5.61 | 100.00 | 1.78 | 100.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1700111 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान से जलापूर्ति पर व्यय (SCADA) | केन्द्रीय वित्त | 800.00 | 2000.00 | 485.81 | 2500.00 |
| 1700112 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान से जलापूर्ति पर व्यय(कमजोर वर्गों हेतु) | केन्द्रीय वित्त | 200.00 | 500.00 | 50.35 | 0.00 |
| 1700113 | अमृत मिशन के अंतर्गत ए०एंड ओई मद पर व्यय | निगम निधि | 1.98 | 5.00 | 0.00 | 5.00 |
| 1700114 | नाला सफाई/बायोरेमिडेशन पर व्यय | निगम निधि | 2.32 | 70.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1700115 | ट्यूबवेल मरम्मत एवं संचालन का व्यय | निगम निधि | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 800.00 |
| 1700116 | जल विभाग पर व्यय (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 100.00 | 38.51 | 100.00 |
| 1700117 | जल विभाग पर व्यय (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 150.00 | 121.94 | 150.00 |
| | योगः– | | **2091.07** | **4975.00** | **1003.60** | **5920.00** |

| | **गैराज अनुभाग** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1800101 | ठोस अपशिष्ठ निस्तारण पर व्यय | निगम निधि | 21.11 | 25.00 | 11.73 | 25.00 |
| 1800102 | गैराज वाहन एवं वाहन अनुरक्षण हेतु सामान क्रय | राज्यवित्त | 173.70 | 175.00 | 33.83 | 200.00 |
| 1800103 | गैराज वाहन अनुरक्षण एवं मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 85.22 | 300.00 | 33.80 | 100.00 |
| 1800104 | वाहनों का बीमा भुगतान | निगम निधि | 0.00 | 60.00 | 0.00 | 60.00 |
| 1800105 | वाहन किराये पर व्यय | निगम निधि | 113.45 | 110.00 | 43.64 | 180.00 |
| 1800106 | केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान से ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 98.67 | 600.00 | 90.01 | 50.00 |
| 1800107 | गैराज विभाग पर (दायित्व) | राज्यवित्त | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 20.00 |
| 1800108 | गैराज विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 150.00 | 26.23 | 70.00 |
| | योगः– | | **492.15** | **1470.00** | **239.24** | **705.00** |

| | **स्वास्थ्य अनुभाग** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1800109 | स्वास्थ्य स्टोर चूना–गेरू, कीटनाशक, दवा एवं झाडु आदि क्रय पर व्यय | निगम निधि | 67.80 | 150.00 | 38.23 | 80.00 |
| 1800110 | सफाई उपकरण अनुरक्षण एवं मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 |
| 1800111 | स्वच्छता/पर्यावरण सम्बन्धी जागरूकता, वालपेटिंग, प्रचार–प्रसार आदि पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1800112 | वर्दी व्यय | निगम निधि | 0.00 | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 1800113 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट पर व्यय | SBM | 48.33 | 500.00 | 0.00 | 500.00 |
| 1800114 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आई0ई0सी0 मद पर व्यय | SBM | 0.04 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1800115 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अन्य कार्य | SBM | 135.63 | 500.00 | 15.91 | 300.00 |
| 1800116 | ठोस अपशिष्ठ पृथककरण पर व्यय | राज्य वित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 300.00 |
| 1800117 | ठोस अपशिष्ठ निस्तारण पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 0.00 | 1.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1800118 | स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धी/ स्टोर (दायित्व) | राज्यवित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 30.00 |
| 1800119 | स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धी/ स्टोर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 30.00 |
| | योगः– | | **251.80** | **1266.00** | **54.14** | **1425.00** |

| | **निर्माण कार्य** | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1900101 | भवन निर्माण आदि पर व्यय | राज्यवित्त | 8.36 | 50.00 | 0.00 | 70.00 |
| 1900102 | भवन मरम्मत आदि पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 70.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1900103 | नयी सड़क एवं नाली निर्माण पर व्यय | राज्यवित्त | 911.25 | 1200.00 | 14.09 | 1300.00 |
| 1900104 | नयी सड़क एवं नाली निर्माण पर व्यय (कमजोर वर्ग हेतु) | राज्यवित्त | 160.23 | 300.00 | 0.00 | 325.00 |
| 1900105 | सड़क मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 1885.47 | 2100.00 | 24.49 | 2200.00 |
| 1900106 | नाली/सीवर लाइन–ढक्कन/ आदि मरम्मत पर व्यय | निगम निधि | 101.77 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900107 | पुल/पुलिया/क्रास पुलिया निर्माण | राज्य वित्त | 99.38 | 150.00 | 5.33 | 200.00 |
| 1900108 | सड़क पटरी निर्माण/मरम्मत कार्य | निगम निधि | 39.64 | 200.00 | 15.8 | 250.00 |
| 1900109 | यातायात सुरक्षा/चौराहे/डिवाईडर का निर्माण/सुन्दरीकरण | राज्य वित्त | 123.32 | 200.00 | 0.00 | 250.00 |
| 1900110 | शौचालय/यूरिनल निर्माण पर व्यय | राज्य वित्त | 71.68 | 200.00 | 1.73 | 225.00 |
| 1900111 | विविध निर्माण पर व्यय | निगम निधि | 221.46 | 100.00 | 22.87 | 100.00 |
| 1900112 | केन्द्रिय वित्त आयोग अनुदान से निर्माण कार्यो पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 2165.68 | 2440.00 | 748.45 | 100.00 |
| 1900113 | केन्द्रिय वित्त आयोग अनुदान से निर्माण कार्यो पर व्यय कमजोर वर्ग | केन्द्रीय वित्त | 279.78 | 610.00 | 0.00 | 25.00 |
| 1900114 | अवस्थापना विकास निधि से निर्माण कार्यो पर व्यय | अ0वि0नि0 | 0.00 | 650.00 | 0.00 | 650.00 |
| 1900115 | अवस्थापना विकास निधि से निर्माण कार्यो पर व्यय (कमजोर वर्ग हेतु) | अ0वि0नि0 | 0.00 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900116 | अवस्थापना विकास निधि से आय सृजित करने वाली संपत्तियों का सृजन | अ0वि0नि0 | 0.00 | 650.00 | 0.00 | 650.00 |
| 1900117 | स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय, यूरिनल आदि का निर्माण पर व्यय | SBM | 39.81 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900118 | अमृत मिशन के अंतर्गत पार्को पर व्यय | अमृत –II | 178.29 | 370.00 | 29.49 | 370.00 |
| 1900119 | नगरीय सड़क सुधार योजना | योजना निधि | 0.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1900120 | नगरीय जल निकासी योजना | योजना निधि | 0.00 | 1260.54 | 0.00 | 1260.54 |
| 1900121 | अन्त्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत | योजना निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900122 | सांसद विधायक निधि से निर्माण कार्य पर व्यय | योजना निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900123 | नया सवेरा/पं० दी०द०उ० नगर विकास योजना | योजना निधि | 0.00 | 100.00 | 0.00 | **1000.00** |
| 1900124 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य पर व्यय | योजना निधि | 14.78 | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 1900125 | पी0एम0स्वनिधि योजना से व्यय | योजना निधि | 5.00 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 1900126 | अन्य शासकीय अनुदानों से व्यय | योजना निधि | 0.40 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| 1900127 | अमृत / सी0एम0 ग्रिड योजना/ एस0बी0एम0 आदि योजनाओं का निकायांश | केन्द्रीय वित्त / राज्य वित्त/निगम निधि | 0.00 | 300.00 | 7.58 | 300.00 |
| 1900128 | सी0 एम0 ग्रिड योजना से व्यय | योजना निधि | 268.53 | 5840.00 | 0.00 | 5000.00 |
| 1900129 | मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना से निर्माण कार्यो पर व्यय | योजना निधि | 0.00 | 8500.00 | 0.00 | 8500.00 |
| 1900130 | पार्को में बाऊण्ड्री वाल,निर्माण/मरम्मत/तारबाड़ पर व्यय/निगम की सम्पत्ति की चारदीवारी/तारबाड एवं रख रखाव व्यय | निगम निधि | 56.51 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 1900131 | निर्माण विभाग पर (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 1000.00 | 820.40 | **3000.00** |
| 1900132 | निर्माण विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 1500.00 | 406.85 | **1500.00** |
| | योग | | **6631.34** | **28840.54** | **2097.08** | **28415.54** |

| पशुकल्याण अनुभाग | | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11.2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000101 | निराश्रित पशु नियंत्रण/भूसे–चारे/गौशाला रख–रखाव पर व्यय | निगम निधि | 89.99 | 175.00 | 30.26 | 175.00 |
| 2000102 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त धनराशि से व्यय | योजना निधि | 54.63 | 200.00 | 46.04 | 200.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000103 | श्वान बंधाकरण, ए0बी0सी0सेंटर संचालन एवं पशुनियंत्रण आदि पर व्यय | निगम निधि | 96.35 | 200.00 | 121.61 | 200.00 |
| 2000104 | 2030 तक भारत से कुत्तो से होने वाली रैबीज के उन्मूलन के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी–आरई) | निगम निधि | 0.00 | 200.00 | 0.00 | 200.00 |
| 2000105 | गौशाला विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 0.26 | 50.00 |
| | | | **240.97** | **825.00** | **198.17** | **825.00** |

| | उद्यान अनुभाग | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2100101 | वृक्षारोपण/पौध रोपण एवं गमले की सज्जा पर व्यय | निगम निधि | 7.00 | 100.00 | 6.98 | 100.00 |
| 2100102 | नगरीय क्षेत्रों में उपवन योजना (व्यय) | योजना निधि | 0.00 | 283.19 | 0.00 | 283.19 |
| 2100103 | केन्द्रीय वित्त आयोग से उद्यान /पार्क आदि पर व्यय | केन्द्रीय वित्त | 41.40 | 100.00 | 0.00 | 25.00 |
| 2100104 | जनकल्याण कारी सुविधा अलाव आदि पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 30.00 |
| 2100105 | पार्को की अवसंरचना व्यय | राज्य वित्त | 0.00 | 50.00 | 0.00 | 100.00 |
| 2100106 | उद्यान विभाग पर (दायित्व) | राज्य वित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 30.00 |
| 2100107 | उद्यान विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 50.00 | 15.22 | 50.00 |
| | **योग** | | **48.40** | **583.19** | **22.20** | **618.19** |

| | रिकार्ड अनुभाग | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2200101 | नजारत/निगम भवन अनुरक्षण एवं साज सज्जा पर व्यय | निगम निधि | 121.8 | 150.00 | 15.27 | 150.00 |
| 2200102 | जनमंच/सामुदायिक भवन/रैनबसेरों के रखाव पर व्यय | निगम निधि | 19.10 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 2200103 | मेला /प्रर्दशनी, विविध आयोजन पर व्यय | निगम निधि | 110.14 | 130.00 | 56.35 | 150.00 |
| 2200104 | मुदण/छपाई व्यय/डाक व्यय | निगम निधि | 18.64 | 20.00 | 0.11 | 20.00 |
| 2200105 | स्टेशनरी/लेखन सामग्री पर व्यय | निगम निधि | 5.40 | 20.00 | 0.00 | 20.00 |
| 2200106 | जलकल्याणकारी सुविधा (कम्बल के वितरण आदि) पर व्यय | निगम निधि | 56.57 | 65.00 | 0.00 | 35.00 |
| 2200107 | इन्टरनेट,वेबसाइट,ई–गवर्नेंस एवं दूरसंचार पर व्यय | निगम निधि | 5.22 | 12.00 | 0.00 | 12.00 |
| 2200108 | कंम्प्यूटराइजेशन/इलेक्ट्रानिक उपकरण क्रय–मरम्मत | निगम निधि | 14.85 | 12.00 | 0.00 | 12.00 |
| 2200109 | रिकार्ड विभाग पर (दायित्व) | निगम निधि | 0.00 | 100.00 | 41.97 | 100.00 |
| | **योग** | | **351.72** | **559.00** | **113.70** | **549.00** |

| | विविध कार्यो पर व्यय | | वास्तविक व्यय 2024–25 | पुनरीक्षित प्राविधान व्यय 2025–26 | वास्तविक व्यय दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 30.11. 2025 | मूल व्यय प्राविधान 2026–27 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2300101 | स्मार्ट सिटी योजना से व्यय | स्मार्ट सिटी | 1788.09 | 100.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2300102 | स्मार्ट सिटी योजना से (दायित्व) | स्मार्ट सिटी | 0.00 | 1500.00 | 486.72 | 800.00 |
| 2300103 | पुस्तकालय साज–सज्जा एवं पत्र–पत्रिका क्रय पर व्यय | निगम निधि | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 2300104 | विधि–व्यय | निगम निधि | 19.58 | 20.00 | 4.17 | 30.00 |
| 2300105 | विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार पर व्यय | निगम निधि | 33.23 | 60.00 | 20.25 | 60.00 |
| 2300106 | श्रम उपकर/रायल्टी/जी0एस0टी0/आयकर/ भुगतान पर व्यय | निगम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना आदि | 122.82 | 500.00 | 157.11 | 600.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2300107 | विद्युत भुगतान पर व्यय | निगम निधि | 26.76 | 50.00 | 0.00 | 50.00 |
| 2300108 | ईधन पर व्यय(गैराज/ रिकार्ड/जलकल उद्यान अनुभाग/पशु कल्याण अनुभाग/पथ प्रकाश/ निर्माण/ अतिक्रमण/ मुख्यालय/ जनमंच आदि) | निगम निधि | 693.08 | 1075.00 | 375.21 | 300.00 |
| 2300109 | मा0 पार्षदगण मानदेय भत्ता / (विविध व्यय) | निगम निधि | 29.70 | 15.00 | 8.95 | 15.00 |
| 2300110 | मा0 महापौर/पार्षदगण अध्ययन भ्रमण व्यय | निगम निधि | 0.00 | 30.00 | 25.36 | 30.00 |
| 2300111 | सी0ए0 सलाहकार शुल्क (चार्टर्ड एकाउंटेंट) | निगम निधि | 0.00 | 10.00 | 1.78 | 10.00 |
| 2300112 | महापौर स्वविवेकाधीन फण्ड | निगम निधि | 0.00 | 0.05 | 0.00 | 0.05 |
| 2300113 | खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रोत्साहन हेतु व्यय | निगम निधि | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 15.00 |
| 2300114 | राज्य वित्त आयोग विकास निधि | राज्य वित्त (प्रारम्भिक अवशेष) | 0.00 | 3000.00 | 0.00 | 1200.00 |
| 2300115 | नव सम्मिलित 32 गाँवो के अवसंरचना विकास निधि | राज्य वित्त आयोग (प्रारम्भिक अवशेष) | 0.00 | 600.00 | 0.00 | 600.00 |
| 2300116 | नगरीय क्षेत्रो के अन्त्येष्टि स्थल विकास निधि | राज्य वित्त आयोग (प्रारम्भिक अवशेष) | 0.00 | 400.00 | 0.00 | 200.00 |
| 2300117 | मा0 सदन विशेष निधि | निगम निधि | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 100.00 |
| 2300118 | समग्र नगर स्वच्छता व्यय | केन्द्रीय वित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3600.00 |
| 2300119 | केन्द्रीय वित्त के उपलब्ध धनराशि से व्यय | केन्द्रीय वित्त | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 6500.00 |
| | | | **2713.26** | **7367.05** | **1079.55** | **14112.05** |
| **उच्चंत व्यय** | | | | | | |
| 2400101 | ठेकेदारों की जमानत वापसी | निगम निधि | 136.68 | 1000.00 | 327.90 | **1500.00** |
| 2400102 | सामूहिक जीवन बीमा धनराशि की वापसी | निगम निधि | 15.73 | 50.00 | 30.51 | 50.00 |
| | **योग** | | **152.41** | **1050.00** | **358.41** | **1550.00** |
| **महायोग** | | | **25,158.14** | **64007.86** | **11,938.66** | **68472.12** |

30/3/26
(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम, सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

30-03-2026
(राजीव कुशवाहा)
सहा0 लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

(डा0 अजय कुमार)
मा0 महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# बजट की विस्तृत व्याख्या 2026-27

## आय पक्ष

1- **मूल बजट 2026-27** में आय व व्यय के वास्तविक आंकडें माह नवम्बर 2025 तक दिये गये है। ऐसा Utter Pradesh Municipal Account Manual के प्रावधान के अनुसार किया गया है। **दण्ड एवं जुर्माना-** जो पूर्व में एकल बजट हेड था जिसे दण्ड एवं जुर्माना अध्यारोपित करने वाले विभागों के अनुसार 7 भिन्न श्रेणियों में विभक्त किया गया है। उक्त विभाजन से न केवल विभागीय कार्यदक्षता सुनिश्चित हो सकेगी, अपितु विभिन्न नगरीय नियमों/ उपविधियों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

2- **करेत्तर आय**-पूर्व वित्तीय वर्षमें व्यवसायिक दुकान किराया आठ आई0डी0एस0एम0टी0 प्रीमियम दुकाने, जनमंच किराया को विलय कर दिया गया था। इस बार पुनः मा0 कार्यकारिणी द्वारा पृथक मद में व्यक्त किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है। 2. भूमि किराया एवं वेंडिंग जोन किराया को अलग किया गया है।

3- **लाईसेन्स शुल्क से आय**-1. नगर निगम द्वारा 100 से अधिक श्रेणियों में लाईसेन्स शुल्क अध्यारोपित किया जा सकता है। अन्य नगरीय निकायों में यह करेत्तर आय का प्रमुख स्त्रोत हैं। वर्तमान बजट में इसे एकल श्रेणी से 18 प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है।

4- **निष्प्रयोज्य अपचलित भण्डार से आय-** ऐसी निष्प्रयोज्य सामग्री, जो वर्ष भर विभिन्न विभागों से उपयोग उपरान्त उनके Scrap Register/भंडार पुस्तिका में दर्ज की जाती हो जैसे Used Tyre, Battries, खराब उपकरण व अतिक्रमण विभाग द्वारा जब्त किया गया सामग्री, प्लास्टिक आदि की नीलामी से प्राप्त आय।

5- **निष्प्रयोज्य अप्रचलित सम्पत्ति से आय-** ऐसी सम्पत्ति जिसका विवरण नगर निगम की Balance Sheet की सम्पत्ति पंजिका में होता है, उनकी नीलामी से उक्त आय प्राप्त होती है यथा पुरानी बिल्डिंग की नीलामी, पुराने वाहन की नीलामी, बडे नलकूप मोटर की नीलामी से होने वाली आय।

6- **ब्याज से होने वाली आय**-उक्त आय केवल कर व **करेत्तर** राजस्व के Bank Deposit से होने वाली आय है। ब्याज की प्राप्तियों को 2 प्रकार की श्रेणियों में विभक्त किया गया है-

सावधि जमा- कर व करेत्तर राजस्व की धनराशि जो FD (Fixed Deposit) /Floating FD के रूप में जमा है, से प्राप्त ब्याज।

सामान्य ब्याज- कर/करेत्तर धनराशि जिस पर बैंक से सामान्य ब्याज प्राप्त होता है।

7- **कर्मचारियों/अधिकारियों से प्राप्त मकान किराया कटौती-** जिन कर्मचारियों/ अधिकारियों को निगम आवास आवंटित है, उनके HRA व Standerd Deduction को उक्त हेड में निगम आय के रूप में जमा किया जाएगा।

8- **अधिकारियों के वाहन कटौती आय-** नगर निगम के जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उनके वेतन से शासनादेश के अनुसार 1000 रू. प्रतिमाह कटौती की जाती है उक्त प्राप्तियों को निगम आय के रूप में दर्ज किया जाएगा।

9- **शासकीय अनुदान से प्राप्तियां-(Major Head Code-13)** उक्त समस्त प्राप्तियां राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से प्राप्त अनुदान (Grant) है। उक्त समस्त (Grant) उद्देश्यपरक (Purposive) होते हैं, जिसमें व्यय किये जाने हेतु सुस्पष्ट विषय एवं स्पष्ट प्रक्रियागत निर्देश होते है। उक्त समस्त Grant में आय की अपेक्षा शासन से की जाती है। व्यय आय के बराबर ही प्रस्तावित किया जाता है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत ढमोला नदी की सफाई हेतु धनावंटन होने के कारण इस मद में दस करोड रूपये की धनराशि प्राविधानित किया गया है।

10- **ठेकेदार से प्राप्त जमानत राशियां-** निविदादाता ठेकेदारों द्वारा जो धनराशि धरोहर राशि के रूप में Online जमा की जाती हैं। उक्त समस्त धनराशि निविदा उपरान्त ठेकेदारों को वापस कर दी जाती है।

11- **सामूहिक बीमा प्राप्तियां-** कर्मचारियोंकी अधिवर्षता पूर्ण होने पर (Retirement) अथवा निधन पर जो सामूहिक बीमा की परिपक्वता धनराशि प्राप्त होती है उसे उक्त बजट हेड में आय में लिखा जाता है। प्राप्त समस्त धनराशि सम्बन्धित कार्मिकों को हस्तान्तरित कर दी जाती है।

30/3/26
(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम, सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

(राजीव कुशवाहा)
सहा0 लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

(डा0 अजय कुमार)
मा0 महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# व्यय मद की व्याख्या 2026-27

1- **अधिष्ठान मद-** अधिष्ठान मद को अन्य नगर निगमों की भांति श्रेणीकृत किया गया है। विभागीय अधिष्ठान के स्थान पर समस्त निगम सेवकों को उनकी सेवा श्रेणी एवं स्थायित्व के प्रकार के आधार पर वर्गीकृत किया गया है यथा केन्द्रीयत पालिका सेवा सामान्य कर्मी, स्वच्छता मित्र अधिष्ठान, संविदा व आउटसोर्सिंग श्रेणी एवं पेंशनभोगी आदि श्रेणियां है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 12545.00 लाख का प्राविधान किया गया है, जो गतवर्ष के प्राविधानित धनराशि 2555.00 लाख कम है। उक्त कमी समग्र स्वच्छता व्यय में 3600 लाख अलग से प्राविधानित किये जाने के कारण है।

2- **दायित्व (राज्यवित्त/ निगम निधि)-** ऐसे समस्त कार्य जिनका कार्यादेश/अनुबंध 31 मार्च 2026 से पूर्व किया गया है, परन्तु जिनका भुगतान उक्त तिथि से पूर्व नहीं हो पाया है वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए दायित्व की श्रेणी में सम्मिलित किये जायेंगें। दायित्व का बजट पूर्णतः विभागाध्यक्ष से वार्ता व अनुमान पर आधारित है। वास्तविक दायित्व की गणना दायित्व सूची जो 1 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 के मध्य समस्त विभागों से प्राप्त की जाएगी। अन्तिम दायित्व सूची के आधार पर पुनरीक्षित बजट में मा0 कार्यकारिणी/सदन की अनुमति से वास्तविक आंकडों के आधार पर संशोधन किया जाएगा।

3- **पथ प्रकाश-** शहर के पथ प्रकाश व्यवस्था के सुदृढीकरण हेतु गतवर्ष के पुनरीक्षित बजट के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल व्यय का प्राविधान 1807.34 लाख रू0 जो गतवर्ष की सापेक्ष 164.74 लाख रूपये कम है। कमी का कारण वास्तविक व्यय में कमी है।

4- **जलकल विभाग-**पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढीकरण हेतु वर्ष 2026-27 में 5920.00 लाख का बजट प्राविधानित है, जो गत वर्ष के पुनरीक्षित बजट के सापेक्ष 945.87 लाख अधिक है। अमृत 2.0 पेयजल योजना में निकायांश की धनराशि देय होने के कारण बजट में बढोतरी की गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वाले वार्डों के लिए 25 प्रतिशत का प्राविधान अलग से किया गया है।

5- **जलकल विविध व्यय-** ऐसा व्यय जिसका जलकल विभाग के बजट में आवंटन न किया गया हो, उक्त हेतु धनराशि आवंटित की गई। मा0 सदन के आदेश के क्रम में उक्त बजट का 90 प्रतिशत घटाया गया है। निकट भविष्य में उक्त हेड को सांकेतिक अथवा समाप्त किया जाएगा।

6- **गैराज एवं स्वास्थ्य विभाग-**गैराज विभाग के प्रस्ताव पर गैराज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के बजट को पृथक किया गया है। गैराज विभाग के अन्तर्गत वाहन क्रय, अनुरक्षण एवं मरम्मत संबन्धित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का कार्य किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अन्तर्गत संचालित किया जाएगा। इनके बजट मद में स्वच्छता सामग्री का क्रय आदि पर व्यय किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन योजना में व्यक्तिगत शौचालय के मद को निरसित कर दिया गया है। इस मद के अन्तर्गत आवंटित

बजट को सफाई उपकरण मरम्मत एवं प्रचार-प्रसार मद एवं दायित्व मद में समायोजित किया गया है।

7- निर्माण कार्य- निर्माण विभाग द्वारा सडक,नाली,भवन,शौचालय आदि के निर्माण एवं मरम्मत सम्बन्धी कार्य कराये जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 28415.54 लाख प्राविधानित किया गया है। उ0प्र0 सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए शहर को गढ्ढा मुक्त किये जाने के तहत सडक मरम्मत मद में 2200.00 लाख का प्राविधान किया गया है। सी0एम0 ग्रिड योजना निकायांश एवं अमृत योजना निकायांश का विलय कर निकायांश का एक ही मद सृजित किया गया है। अमृत योजना के अंतर्गत पार्कों को सुसज्जित एवं सुन्दरीकरण तथा भूमिगत जल स्तर बढाने के लिए अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। सी0एम0 ग्रिड योजनान्तर्गत अवसंरचनात्मक सुधार, सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित की जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देने के लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना उ0प्र0 सरकार द्वारा लायी गयी है।

8- पशु कल्याण अनुभाग- उ0प्र0सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर लाने के क्रम मे माँ शाकुम्भरी कान्हा गौशाला की स्थापना किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में गौशाला अनुभाग 825.00 लाख का बजट प्राविधानित है। कुत्तों की बढती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने लिए श्वान वंध्याकरण पर नगर निगम द्वारा 200.00 लाख प्राविधानित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त रैबीज बीमारी के 2030 तक उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना (HEP-RE) के अन्तर्गत 200.00 लाख का प्राविधान किया गया है।

9- उद्यान अनुभाग- नगरीय क्षेत्र के पार्कों के सौन्दर्यीकरण, साज-सज्जा आदि हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में 618.19 लाख का प्राविधान किया गया है। उपवन योजना के अन्तर्गत वार्ड संख्या 53 रायवाला में स्थित नगर निगम की 65 बीघा जमीन पर अमृत वन वाटिका निर्माण हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा 283.19 लाख का प्राविधान किया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण का बढावा मिलेगा। उद्यान अनुभाग द्वारा सर्दियों के मौसम में अलाव की व्यवस्था कर जनकल्याणकारी कार्य भी किया जाता है।

10- रिकॉर्ड अनुभाग- नगर निगम के रिकॉर्ड अनुभाग द्वारा कार्यालय के मरम्मत, साज-सज्जा, जनमंच संचालन, मेला गुघाल एवं विविध आयोजनों की व्यवस्था की जाती है। मुद्रण-छपाई, स्टेशनरी लेखन सामग्री आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से रिकॉर्ड अनुभाग द्वारा किया जाता है। सभी कार्यालयों में कम्प्यूटराइजेशन-इंटरनेट की व्यवस्था, दूरसंचार, इलैक्ट्रनिक उपकरण के साथ-साथ सर्दियों में गरीवों को वितरित किए जाने वाले कम्बल आदि की जनकल्याणकारी कार्य भी किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में रिकॉर्ड अनुभाग को 618.19 लाख आवंटित किया गया है।

11- विविध कार्य- विविध कार्यों हेतु 7612.00 लाख का प्राविधान किया गया है, जिसके सभी विभागों का डीजल क्रय, स्मार्टसिटी योजना से व्यय, जी0एस0टी0 भुगतान, विद्युत भुगतान मुख्य रूप से लिया गया है। मद संख्या 2300118 में केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत 3600.00 लाख का समग्र स्वच्छता व्यय पर व्यय किये जाने का प्राविधान किया गया है, जो स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया जाना है। इसके अन्तर्गत सफाई से सम्बन्धित

समस्त कार्यों का एक कम्पोजिट वर्क के रूप में कराये जाने की योजना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मा0 महापौर पार्षदगणों को बेस्ट प्रैक्टिसेज के अध्ययन हेतु देश के विभिन्न महानगरों में भ्रमण हेतु 30.00 लाख का प्राविधान किया गया है। केन्द्रीय वित्त आयोग की उपलब्ध धनराशि से व्यय किये जाने हेतु नया मद 2300119 सृजित किया गया है।

12- **ईंधन पर व्यय (2300108)** - ईंधन पर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 300.00 लाख का बजट प्रस्तावित है, जोकि गत वर्ष के 1075.00 लाख से काफी कम होने का मूल कारण है,स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत समग्र स्वच्छता व्यय पर खर्च किया जाना ळें

13- **उच्चंत धनराशि-** ऐसी धनराशि होती है जो निगम की न तो वास्तविक आय होती है ना ही व्यय। उक्त धनराशि जिस मद में प्राप्त होती है, उस मद में वापस हो जाती है। इसके अन्तर्गत ठेकेदारों से प्राप्त जमानत धनराशि एवं कर्मचारियों के बीमा की धनराशि सम्मिलित है।

30/3/26

(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम, सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम, सहारनपुर

(राजीव कुशवाहा)
सहा0 लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

Manoj Tripathi 30 March 2026

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

Ajay Kumar

( डा0 अजय कुमार )
मा0 महापौर
नगर निगम सहारनपुर

# विभागवार ईधन व्यय का उपविभाजन वित्तीय वर्ष 2026-27

| क्रम सं0 | विभाग का नाम | वास्विक व्यय 2024-25 (धनराशि लाख में) | वास्तविक व्यय 01.04.2025 से 30.11.2025 तक (धनराशि लाख में) | मूल व्यय प्राविधान वित्तीय वर्ष 2026-27 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गैराज अनुभाग | 624.00 | 338.37 | 125.00 |
| 2 | उद्यान अनुभाग | 15.68 | 6.97 | 35.00 |
| 3 | जनमंच | 2.85 | 1.52 | 5.00 |
| 4 | नगर निगम परिसर डीजल व्यय | 9.80 | 2.88 | 30.00 |
| 5 | विद्युत अनुभाग | 17.17 | 5.46 | 20.00 |
| 6 | गौशाला अनुभाग | 12.44 | 13.12 | 25.00 |
| 7 | निर्माण अनुभाग | 0.13 | 0.00 | 10.00 |
| 8 | अतिक्रमण अनुभाग | 2.24 | 1.00 | 5.00 |
| 9 | जलकल विभाग | 8.77 | 5.89 | 45.00 |
| | **कुल योग** | 693.08 | 375.21 | 300.00 |

30/3/26
(सत्यम नामदेव)
लिपिक
नगर निगम सहारनपुर

(राजकुमार)
लेखाकार
नगर निगम सहारनपुर

(राजीव कुशवाहा)
सहा0 लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
नगर निगम सहारनपुर

(शिपू गिरि)
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

क्लीन सिटी

ग्रीन सिटी

# सहारनपुर नगर निगम
# सहारनपुर